उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी-13, द्वितीय तल, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
यूपीडा
0522-2307542 / 2307592 / 4013560, फैक्स : 0522-4013560 ईमेल: upeida2@gmail.com

पत्रांक : -------16/ यूपीडा/ 925/ 2018 दिनांक: 13अगस्त 2018

72वें स्वतन्त्रता दिवस पर यूपीडा द्वारा बड़े पैमाने पर होगा वृक्षारोपण

स्वतन्त्रता दिवस पर प्रदेश सरकार के आहवान पर वृक्ष लगाए जाने की योजना में अपनी सहभागिता के तौर पर यूपीडा द्वारा आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर 25000 वृक्ष लगाए जाने का कार्यक्रम रखा गया है | इस अवसर पर यूपीडा के सभी अधिकारी और कर्मचारी वृक्षारोपण में हिस्सा लेंगे | वृक्षारोपण का कार्यक्रम आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर अलग अलग पैकेजों में किया जाएगा | वृक्षारोपण के इस व्यापक कार्यक्रम में निकटवर्ती ग्रामीणों को भी सहभागी बनाया जाएगा | आप को बता दें कि इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 1000 विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाएगा | इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन स्थल आगरा से लखनऊ की ओर 218 किमी पर स्थित जन सुविधा केंद्र पर होगा, जहां यूपीडा के सी°ई°ओ° भी मौजूद रहेंगे | अब तक इस एक्सप्रेस–वे के मध्य में 2.50 लाख से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं | एक्सप्रेस–वे के दोनों ओर 3 लाख वृक्ष लगाने का कार्य प्रगति पर है | इस साल होने वाले वृक्षारोपण के कार्यक्रम के मद्देनज़र दिनांक 11 अगस्त 2018 को 5 विभिन्न पैकेजों के प्रतिनिधियों को अपने अपने क्षेत्र के 200 चयनित छात्रों के लिए कार्यक्रम में पहनने हेतु 1000 टी शर्ट व 1000 टोपियाँ वितरित की गई हैं |

नोट – विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट www.upeida.in का अवलोकन करें |

–प्रेस नोट की समाप्ति–